

## एक नजर में

### बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावासो में छात्र/छात्राओ के अध्यापन कार्य हेतु आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

**मंदसौर।** जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग जिला मंदसौर श्रीमती अंगुरबाला भगोरा द्वारा बताया गया कि, चालू शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये अनुसूचित जाति जिला स्तरीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास मदंसौर तथा विकासखण्ड स्तरीय बालक एवं कन्या उत्कृष्ट छात्रावास मल्हारगढ/सीतामउ/गरोठ /भानपुरा में प्रवेशित छात्र/छात्राओ के प्रावीण्य उन्नयन एवं उच्च गुणवत्ता के लिये विशेष कोंचिग अथवा अध्यापन कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति से सादे कागज पर अंक सूची सहित आवेदन आंमत्रित किये जाते है, आवेदन पत्र पर स्नातक/स्नातकोत्तर में प्राप्त प्राप्तांको का प्रतिशत लिखना अनिवार्य होगा। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण शिक्षकों को कोचिंग व्यवस्था अन्तर्गत अध्यापन कार्य हेतु लगाया जावेगा, जिसके लिये शासन द्वारा प्रतिकाल खण्ड अनुसार निर्धारित मानदेय देय होगा। साथ ही जिले में संचालित महावि?द्यालयीन बालक एवं कन्या छात्रावास मंदसौर/सुवासरा में अंग्रेजी विषय की कोचिंग हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। उक्त कोंचिग व्यवस्था केवल छात्र/छात्राओ के विशेष अध्यापन कार्य के लिये है न कि कोई नियुक्ति स्नातक / स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त उच्च योग्यताधारी गणित, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं कम्प्यूटर / सामान्य ज्ञान हेतु शासकीय शिक्षको के अलावा प्रायवेट शिक्षक एवं उत्कृष्ट प्रायवेट कोंचिग सेन्टरो के आवेदन पत्र दि. 31 जुलाई तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग कलेक्टोरेट परिसर मंदसौर (सुशासन भवन कमरा नं. 312) में जमा करें। शिक्षक यदि चाहे तो संबंधित क्षेत्र के जिला/विकासखण्ड स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावासों में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि पश्चात आवेदन पत्र मान्य नही किये जायेंगे।

### हरदा लाठीचार्ज मामले को लेकर सीतामऊ में भगवा सेना ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सीतामऊ।** हरदा जिला मुख्यालय पर करणी सेना परिवार के कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज एवं फर्जी प्रकरणों के विरोध में भगवा सेना मंदसौर द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार सीतामऊ को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि दिनांक 13 जुलाई 2025 को हरदा में पुलिस प्रशासन द्वारा करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. जीवनसिंह शेरपुर एवं अन्य कार्यकर्ताओं पर बेवजह लाठीचार्ज किया गया तथा झूठे मुकदमे दर्ज किए गए। इतना ही नहीं, राजपूत छात्रावास में पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों द्वारा जबरन प्रवेश कर छात्रों के साथ बेरहमी से मारपीट की गई।

भगवा सेना जिला मंदसौर ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिला अध्यक्ष नाहर सिंह सिसोदिया ने कहा कि संबंधित अधिकारियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएं, जैसा कि आम नागरिकों पर किया जाता है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

उन्होंने यह भी मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों को तत्काल निलंबित किया जाए, जिससे न्याय की स्थापना हो सके और राजपुत समाज के साथ हुआ यह अन्याय समाप्त किया जा सके।

## सीतामऊ से कोटेश्वर महादेव तक निकली कावड़ यात्रा

- हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा वातावरण, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह



**सीतामऊ। श्रावण मास के दूसरे सोमवार को हिंदू रक्षक आर्मी एवं हिंदू समरसता मंच के संयुक्त तत्वावधान में माँ मोड़ी माताजी मंदिर, सीतामऊ से प्राचीन श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी भव्य कावड़ यात्रा निकाली गई। धार्मिक आस्था और उत्साह से भरी इस यात्रा में नवयुवक, महिलाएं एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।**

कावड़ यात्री अपने कंधों पर पवित्र जल की कावड़ लिए हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष करते हुए सनातनी ध्वज के साथ चलते नजर आए। डीजे की धुनों पर धार्मिक गीतों के साथ युवाओं ने नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा, जलपान, नाश्ते आदि की भव्य व्यवस्थाएं की गई थीं। श्रद्धालुओं ने श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया और देश में अमन-चैन, शांति एवं प्रगति की कामना की। आयोजनकर्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार एवं वापसी हेतु वाहनों की व्यवस्था भी की गई थी।

इस अवसर पर अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से भी कावड़ यात्राएं कोटेश्वर महादेव पहुंचीं, जिससे मंदिर परिसर भक्तों से खचाखच भरा रहा। संपूर्ण यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह एवं भक्ति का माहौल देखने को मिला।

इसी क्रम में सीतामऊ के समीप स्थित श्री गंगेश्वर महादेव मंदिर में भी शिवभक्तों को खीर की प्रसादी वितरित की गई।

## 13 वर्षो से रणायरा से उज्जैन कांवड़ यात्रा एवं पद यात्रा

**रणायरा/नाहरगढ।** नमः शिवाय उत्सव समिति रणायरा तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर के त्वावधान में विगत 13 वर्षों से सर्वजन हिताय, सर्व जन सुखय की भावना को लेकर माँ शिवना नदी का जल कांवड़ में लेकर 180 किलो मीटर का सफर पैदल तय कर बाबा महाकाल के दरबार में पहुंच कर जलाभिषेक करते आ रहे है। रणायरा के शिव भक्त 27 जुलाई रविवार को अपनी चौदहवीं कांवड़ यात्रा प्रारंभ करेंगे। कांवड़ यात्रा एवं पद यात्रा में लगभग 70 यात्री भाग लेंगे। यह 27 जुलाई को प्रातः 7 बजे बैंड बाजे एवं महाकाल बाबा की आकर्षक झांकी के साथ नगर भ्रमण व नगर भ्रमण में जगह-जगह बाबा महाकाल की आरती पूजन एवं कांवड़ यात्रा का स्वागत ग्राम वासियों द्वारा किया जाएगा। कांवड़ यात्रा कयामपुर ,सीतामऊ होते हुए अपने पहले दिन के पड़ाव में बरखेड़ा कला स्थित मां जोगनिया के दरबार में रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन प्रातः 5 बजे पूजन आरती के पश्चात कांवड़ यात्रा कराड़िया, ताल फंटा, खारवा कला होते हुए महिदपुर रोड पर रात्रि विश्राम करेंगे। तीसरे दिन आरती पूजन के पश्चात महिदपुर रोड से महिदपुर , नारायणा होते हुए पान बिहारी मंडी प्रांगण में रात्रि विश्राम करेंगे।



## कलेक्टर एवं सीईओ ने जनसुनवाई के दौरान अलग -अलग 86 मामलों में सुनवाई की

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 86 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए।**

इसके साथ ही मंदसौर जिले के बानीखेड़ी निवासी आवेदक भेरूलाल ने जमीन पर कब्जा रोकने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार दलोदा को निर्देश दिए कि जांच कर उचित कार्यवाही करें।

मंदसौर जिले के चंदवासा निवासी आवेदक मदनलाल ने खेत की जमीन पर लगी खाई हटाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम गरोठ को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के बरदल निवासी आवेदक रामकन्याबाई ने रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को निर्देश दिए कि जांच कर तुरंत रास्ता खुलवाए।

इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान कृषि भूमी का पट्टा बनाने, सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण हटाने, पीएफ की राशि दिलवाने, पीएम आवास योजना का लाभ प्राप्त करने, बी पी एल राशन कार्ड बनवाने, आर्थिक सहायता दिलवाने, रास्ते के विवाद का निराकरण कराने व पिछड़ा वर्ग के निर्धन छात्रों को छात्रावास में रहने की व्यवस्था कराने इत्यादि तरह-तरह के आवेदन आये।

## एक नजर — जिला चिकित्सा से पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को विटामिन ए घोल पिलाकर विधिवत शुभारंभ किया

## नगर पालिका अध्यक्षा ने स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान किया शुभारंभ

**मंदसौर। मंदसौर में बचों के स्वास्थ्य सुधार और कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान का भव्य शुभारंभ हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने जिला चिकित्सालय से 5 वर्ष से कम उम्र के बचों को विटामिन ए घोल पिलाकर इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।**



शुभारंभ के अवसर पर श्रीमती रमा देवी गुर्जर ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके तहत 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बचों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। किसी भी बीमारी का पता चलने पर सरकार द्वारा उनका निश्शुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से गंभीर रूप से कुपोषित बचों के लिए प्रदान की जा रही सुविधाओं पर जोर दिया, जिसके तहत ऐसे बचों को 14 दिनों के लिए अस्पताल (एनआरसी) में भर्ती कर निःशुल्क दवाएं और भोजन प्रदान किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि यह दस्तक अभियान 16 सितंबर तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। अभियान में 1 लाख 51 हजार 570 बचों की जांच करना है। इस अभियान में बचों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण और अन्य संक्रमणों की पहचान कर उनका तुरंत उपचार और रेफरल सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बचों को विटामिन ए घोल पिलाया जाएगा और ओआरएस पैकेट व जिंक टैबलेट का वितरण भी किया जाएगा।शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सलाह देते हुए बताया कि 6 माह तक के बचों को केवल माँ का दूध पिलाना चाहिए।

## मेडिकल कराने ले गए आरक्षकों की अभिरक्षा से भागा आरोपी



**भानपुरा। थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में पकड़ाए आरोपीयो को मेडिकल कराने गए दो आरक्षक रामचंद्र मंडोतिया और दिनेश मेघवाल की अभिरक्षा से चकमा देकर एक आरोपी भाग गया।** जानकारी अनुसार आरोपी राम सिंह पिता करण सिंह गुर्जर उम्र 21 वर्ष एवं राकेश पिता कैलाश चंद्र धोबी उम्र 20 वर्ष जिनको भानपुरा शासकीय चिकित्सालय में मेडिकल कराने के लिए ले गए थे। मेडिकल कराने के दौरान अंदर ले जाते समय आरक्षकों की अभिरक्षा से राम सिंह पिता करण सिंह गुर्जर निवासी 21 वर्ष पुलिस को चकमा देकर भाग गया जो की लगातार स्टाफ की एक घंटे की मशक्कत के बाद पकड़ाया। पुलिस अधिकारी से जब इस मामले में जानकारी लेना चाहिए तो अभी समय का अभाव है हम आपको कोई जानकारी नहीं दे सकते हैं ऐसे शब्दों का उपयोग करते नजर आए। आखिर आरोपी भागने की कोशिश क्यों कर रहे थे, क्या स्टाफ की कमी है या आरक्षकों का मित्रता पूर्ण रवैया ?

# नीमच

## एक नजर में

### 111 आवेदकों की सुनी समस्याएं




**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसनुवाई करते हुए 111 आवेदकों की सुनी समस्याएं और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर लक्ष्मी गामड, एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू, संयुक्त कलेक्टर डॉ.ममता खेडे, श्री राजेश शाह सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में नीमच के मूलचंद खिची, जावद के भंवरलाल, ग्वालटोली नीमच की सुरेखादेवी, धनेरिया के बंशीलाल प्रजापत, गुंजालिया के श्यामलाल, गुलाबखेड़ा के श्रवण सिह, दामोदरपुरा के मोतीलाल, जीरन की संगीता कुंवर, रतनगढ़ के गुलाम हुसैन, बर्डिया जागीर के ओमप्रकाश, कदवासा के कैलाशचंद्र, अठाना के प्रेमचंद, रामपुरा के देवीलाल, नयागांव के हीरानाथ, जामरिया के गुलाबचंद, डूंगलावदा की गुड्डीबाई ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किए। इसी तरह बघाना के श्यामलाल, नीमच सिटी के पप्पु यादव, चंद्रपुरा की मदनकुंवर, नगरपालिका नीमच के मनोज मीणा, मोटीयार्डा की नंदुबाई, बघाना के राजेश, रामपुरा की प्रभाबाई, खजुरिया के रामचंद्र, बोरखेड़ी के रामलाल, बालागंज के अमरचंद, रतनगढ़ के मोईज हुसैन, खातीखेड़ा की सुखलाल, आलोरी गरवाड़ा के किशनलाल, बरूखेड़ा की मंगलाबाई, देंथल के शिविराम, पिपल्यारावजी की बगदीबाई, ग्वालटोली के अशोक दीवान, डिकेन की मणीबाई, धनेरिया कलां की कविता, बरूखेड़ा की ज्योति चौहान, नीमच की आशादेवी गोयल, ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए।

### जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से मॉ एवं बच्ची को मिला पुनर्जीवन

**नीमच।** जिले के मनासा कस्बे की रितिका पति गणेश जिसका संभावित प्रसव 12 अगस्त 2025 को होना था ।किन्तु संभावित तिथि के लगभग एक माह पूर्व ही रितिका को अचानक झटके आने ( पी.आई.एच. एवं एक्लेम्पसिया ) लगे तथा संभावित तिथि के पूर्व ही प्रसव की संभावना बनी जिससे प्रसूता की जान पर बन आई ।झटके आने की स्थिति में मां और बच्ची दोनो की जान को खतरा रहता है ।चुकि जिला चिकित्सालय में पूर्ण रूप से विकसित मेटरनल आई.सी.यू. नही है अतः पूर्व में इस प्रकार के प्रकरणों में मरीजो को उदयपुर रतलाम रैफर करना पडता था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीमच डॉ. आर.के. खद्योत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मरीजों की पीडा को समझते हुए मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. खद्योत ने रितिका का नीमच में ही प्रसव कराने हेतु निजी चिकित्सालय की सेवाओं का लाभ लेने के लिये कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा से ज्ञानोदय मल्टी स्पेशयलीटी हास्पिटल के मेटरनल आई.सी.यू. की सेवाऐ लेने का अनुरोध किया ।



## बच्चे स्वस्थ्य रहेंगे तो समाज स्वस्थ होगा : परिहार

- बाल एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में प्रभावी रहेगा दस्तक अभियान
- दस्तक अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह संपन्न



**नीमच। बच्चे स्वस्थ्य रहेंगे तो समाज स्वस्थ रहेगा। यह बात विधायक नीमच श्री दिलीपसिंह परिहार ने दस्तक अभियान के जिला स्तरीय शुभारंभ समारोह को संम्बोधित करते हुए कही । श्री परिहार ने कहा कि बाल एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये राज्य शासन अथक प्रयास कर रहा है। इसी के तहत दस्तक अभियान का आयोजन किया जा रहा है।** श्री परिहार ने कहा कि कि ये उपस्थित वही बच्चे है जो बडे होकर स्वस्थ्य भारत का निर्माण करेंगे, स्वस्थ समाज के लिए बच्चों का स्वस्थ्य होना जरूरी हैं। विधायक श्री परिहार ने बच्चों को अपने हाथो से दस्तक अभियान के तहत् विटामीन ए पिलाया तथा ओ.आर.एस. पैकेट का विरतण किया । कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री संतोष चोपडा ने भी मार्गदर्शन दिया।

> आभार जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री अंकिता पण्ड्या ने माना । कार्यक्रम का संचालन डी.सी.एमचन्द्रपाल सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर पार्षद श्री दारासिंह, विष्णु राठौर, श्री मोहन सिहं राणावत, देवीलाल वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा , आंगनवाडी सहित हितग्राही उपस्थित थे।

मुख्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. खद्योत ने बताया कि दस्तक अभियान 22 जुलाई से प्रारंभ होकर 14 सितम्बर तक संचालित किया जा रहा है । इसेंमें चिन्हित सेवाए प्रदान की जावेगी। जिसमें मुख्य रूप से विटामिन ए का अनुपुरण , निमोनिया एवं दस्त का प्रबंधन , हिमोग्लोबिन मीटर से बच्चों की जाचॅ एवं उचित प्रबंधन, ओ.आर.एस. का वितरण एवं ओ.आर.एस टी बनाने की विधि का प्रदर्शन , एस.एन.सी.यू. से डिस्चार्ज बच्चों का फालोअप , छूटे बच्चों का टीकाकरण , उम्र आधारित वृद्धि की जांच कर कुपोषण पाये जाने पर पोषण पुर्नवास केन्द्र में रैफर करने सहित अन्य सेवाए प्रदान की जावेगी ।

डॉ. खद्योत ने बताया कि 45 दिवस तक चलने वाले इस अभियान में 0 से 05 वर्ष के लगभग 80000 बच्चों की ए.एन.एम., आशा कार्यकर्ता एंव आंगनवाडी कार्यकर्ता जाचॅ करेगी। इन बच्चों की समुचित निगरानी करते हुए रैफर का उचित प्रबंधन कर बच्चों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जावेगा।



## दिव्यांग जनों ने पेंशन बढ़ोतरी और पुनर्वास केंद्र निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नीमच। दिव्यांग ज्योति सेवा संस्थान के नेतृत्व में दिव्यांगजनों और वृद्धजनों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा गया।** संस्थान अध्यक्ष तुलसीराम मेघवाल और रामप्रकाश बलदेवा ने बताया कि यह ज्ञापन मुख्यमंत्री द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादों की याद दिलाने के लिए दिया गया है।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि चुनाव के दौरान भाजपा सरकार ने दिव्यांग और वृद्धजनों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन 600 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये करने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के 20 माह बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे दिव्यांग और वृद्धजन समुदाय में गहरा असंतोष व्याप्त है।इसके साथ ही नीमच जिले में वर्षों पहले स्वीकृत दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निर्माण भी अभी तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। इसके अभाव में दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## एक नजर — कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा

## प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन द्वारा समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा



**नीमच।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के आव्हान पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला शाखा नीमच म.प्र. द्वारा पेंशनर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी प्रांतीय उपाध्यक्ष शमशेर सिंह तोमर, संभागीय अध्यक्ष कोमल भुतडा के मार्ग दिशा निर्देशन में पेंशनर की विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रदर्शन के बाद ज्ञापन 22 जुलाई 2025 को दोपहर 1:30 बजे सौंपा गया। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शंभू लाल बगाडा के नेतृत्व में पेंशनर संघ के सदस्यों पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में बताया कि मध्यप्रदेश सरकार विगत 15-16 वर्षों से मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को लगातार आर्थिक हानि पहुंचा मानसिक त्रासदी पहुंचा रही है, चर्चा के माध्यम से समस्याओं के समाधान का निवेदन किया, उस पर भी सकारात्मक कार्यवाही नहीं हो रही है, पेशनर्स की न्यायोचित मांगो पर शीघ्र निर्णय लेवे और यदि शासन को कठिनाई महसूस हो रही है तो संगठन और उसके पदाधिकारी सदेव चर्चा के लिए तत्पर हैं।

हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 परिशिष्ट 6 जिस आधार पर महंगाई राहत स्वीकृति के पूर्व दोनो राज्य सरकारो द्वारा परस्पर सहमति की प्रक्रिया अपनाई जाती है, उसको सामाप्त या विलोपित किया जा कर केंद्र सरकार के पेंशनर्स के अनुरूप राहत राशि का भुगतान करने,जुलाई 2024 से 3त्न राहत राशि एरियर का भुगतान कर जनवरी 2025 से 2त्न राहत राशि का भुगतान कर ने, पेंशनर्स फोरम गठित की जाकर उसकी नियमित बैठक की व्यवस्था की जाए।



## गोचर भूमि अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** जिले की सिंगोली तहसील के ग्राम मौजा कुतली के आदिवासी महिलाओं और ग्रामीणों ने मंगलवार दोपहर 1 .15बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अखिल भारतीय वनवासी कृषि ग्रामीण मजदूर संघ के जिला महामंत्री चंद्रशेखर जायसवार के नेतृत्व में चरनोई की भूमि पर भु माफिया से अतिक्रमण मुक्त करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन जिला कलेक्टर जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर राजेश शाह को दिया। हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि गोचर की भूमि की सीमा तक 1000 से 1500 बीघा भूमि है। उक्त खाली पड़ी रिक्त भूमि पर शासकीय अधिकारियों की लारवाही से गुर्जर समाज के पूर्व सरपंच और वर्तमान श्रीपुरा सरपंच बलवंत पिता मांगी दास बैरागी द्वारा सामूहिक रूप से उक्त भूमि पर कब्जा कर खाई बना दी गई है 11 जुलाई को कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित की गया था.